BSES Rajdhani Power Limited
a joint venture with GONCTD

Merry Christmas

# SAMVAD

# सुरक्षा अलर्टः

## खुद की सुरक्षा के लिए बिजली उपकरणों से उचित दूरी बनाए रखें



दिल्ली में बड़े पैमाने पर निर्माण संबंधी गतिविधियां हो रही हैं। इनमें से कई आवास और अनाधिकृत निर्माण/विस्तार, कई कॉलोनियों में खतरनाक ढंग से डिस्कॉम्स के ओवरहेड लो वोल्टेड (एलवी), हाई वोल्टेड (एचवी), एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज (ईएचवी) लाइनों और बिजली के इंस्टॉलेशंस के करीब आ गए हैं। यह केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की धारा 62 और 63 का सीधा उल्लंघन है। (सुरक्षा व बिजली आपूर्ति से संबंधित पैमानों) नियमावलियां, 2023 ("सीईए सेफ्टी रेगुलेशंस, 2023"), जिसे इलेक्ट्रिसिटी ऐक्ट 2003 की धारा 53 व 68 (5), तथा धारा 161 के साथ पढ़ा जाए, जिनमें समय–समय पर संशोधन होता रहा है।

भवनों के विस्तार, ढांचे, प्रोजेक्शंस, बालकनी, छज्जा या बाउंड्री वॉल आदि के लिए यह आवश्यक है कि वे प्रावधानों के अनुसार, बिजली के इंस्टॉलेशनों से न्यूतम वर्टिकल व हॉरिजेंटल दूरी बनाए रखें।

| लाइन/उपकरण | न्यूनतम उचित दूरी जहां लाइन किसी भवन/ढांचे/बालकनी आदि के ऊपर से गुजरती है | न्यूमतम समतलदूरी/हॉरिजेंटल क्लियरेंस जहां लाइन किसी बिल्डिंग/ढांचे/बालकनी आदि के निकट से गुजरती है |
|---|---|---|
| 650 वोल्ट्स तक के वोल्टेज की लाइनें | उच्चतम पॉइंट से 2.5 मीटर | निकटतम पॉइंट से 1.2 मीटर |
| हाई वोल्टेज लाइन जो 650 वोल्ट से अधिक हो और जो 11,000 वोल्ट तक या सहित हो | उच्चतम पॉइंट से 3.7 मीटर | निकटतम पॉइंट से 1.2 मीटर |
| हाई वोल्टेज लाइन जो 11000 वोल्ट से अधिक हो तथा 33000 वोल्ट तक व सहित हो | उच्चतम पॉइंट से 3.7 मीटर | निकटतम पॉइंट से 2 मीटर |
| एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज लाइन 33 केवी वोल्ट से ऊपर | 3.7 मीटर (तथा 0.30 मीटर, हर अतिरिक्त 33000 वोल्ट या उसके भाग पर) | 2 मीटर (तथा 0.30 मीटर, हर अतिरिक्त 33 केवी या उसके भाग पर) |

ये नियम आपकी सुरक्षा के निए बनाए गए हैं, ताकि दुर्घटनाओं, प्राणघातक दुर्घटनाओं और बिजली आपूर्ति में बाधाओं को टाला जा सके।

बीएसईएस एक बार फिर ऐसे अनाधिकृत निर्माणों का स्वामित्व रखने वालों से अनुरोध करती है कि वे तुरंत अपने अवैध और अनाधिकृत निर्माणों को बिजली की लाइनों व उपकरणों के पास से हटा लें। उपरोक्त नियमावलियों का उल्लंघन करने वाले किसी सी पत्यक्ष या परोक्ष हानि (जीवन, संपत्ति, आदि से जुड़ी) के लिए व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार होंगे और निर्धारित कानूनों के तहत कार्रवाई किए जाने के हकदार होंगे।

## सपने जगाएः दृष्टि बाधितों के लिए खास बीआरपीएल करे नया ट्रेनिंग सेंटर

बीआरपीएल सिर्फ विश्वसनीय बिजली आपूर्ति ही नहीं करती, बल्कि युवाओं के सपनों को भी सशक्त करती है। नजफगढ़ स्थित हमारा नया वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर 16 से 35 वर्ष के दृष्टिबाधित युवाओं को समर्पित है। यहां कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, डेटा एंट्री, एमएस ऑफिस जैसे विभिन्न कोर्सेज तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अंग्रेजी के प्रोग्राम ऑफर किए जाते हैं।

हम प्रशिक्षण से आगे भी जाते हैं। हर प्रतिभागी को अनुभवी प्रोफेशनल्स से मेंटॉरशिप भी मिलती है। हमें गर्व है कि बीएसईएस की इस परिवर्तनकारी यात्रा में करीब 60 लोग हमारे साथ आए हैं जो मुख्यतः पश्चिमी दिल्ली से हैं। गौरतलब है कि इस साल हमने बिजली बिल को ब्रेल लिपि में भी लॉन्च किया है।









## दिल्ली में ग्रीन ड्राइव को बढ़ावाः बीएसईएस ने 1000 से अधिक स्थानों पर 3000 से अधिक ईवी चार्जिंग पॉइंट्स लगाने को फेसिलिटेट किया

1000 से अधिक सुविधाजनक व सुगम स्थानों पर प्राइवेट, पब्लिक व कैप्टिव श्रेणियों में 3000 से अधिक ईवी चार्जिंग पॉइंट्स लगाने को फेसिलिटेट करके, दिल्ली की ईवी क्रांति को हाई गियर में ले जाने में बीएसईएस मदद कर रही है। आइये साथ मिलकर हम दिल्ली को एक टिकाऊ और प्रदूषण मुक्त कल की ओर ले चें।

| | पब्लिक | प्राइवेट | कैप्टिव |
|---|---|---|---|
| पॉइंट्स की संख्या | 1305 | 1252 | 484 |
| लोकेशनों की संख्या | 378 | 440 | 324 |



**अब हम वॉट्सएप बिजनेस पर भी उपलब्ध हैं! 8800919123 पर हम तक पहुँचे**




टॉल फ्री 24x7
19123

8800919123 पर
हमें Hi कहें और हमारी
निम्नलिखित सेवाओं का लाभ उठाएं

- बिल देखें व भुगतान करें
- बिल विवरण
- सेल्फ मीटर रीडिंग
- बिजली गुल की शिकायत
- प्रीपेड मीटर बैलेंस तथा रीचार्ज
- बिजली दरें व सब्सिडी डिटेल्स
- और भी बहुत कुछ

अपने फीडबैक भेजें: कारपोरेट कम्युनिकेशन, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, बीएसईएस भवन, नेहरु प्लेस, नई दिल्ली–110019

CIN No.: U40109DL2001PLC111527, GSTIN.: 07AAGCS3187H2Z3 19123 www.bsesdelhi.com www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

संवाद में एडवरटाइज के लिए brpl.bdg@relianceada.com पर ईमेल करें | बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड संवाद में प्रकाशित एडवरटिजमेंट के लिए कानूनी रुप से जिम्मेवार नही है।

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

e-LECTRIC REWARDS

# GET REWARDED FOR GOING DIGITAL



Join BSES Rajdhani Power Limited (BRPL) in its journey towards a sustainable future with 'e-LECTRIC Rewards'*, an attractive loyalty program. This program makes it more rewarding than ever to go digital.



## Here's how you can start earning your e-LECTRIC Rewards:

- Be an E-bill customer: Save trees ditch the paper bills, and move to e-bills. 100 reward points every month will be credited to your e-LECTRIC rewards account. Visit www.bsesdelhi.com and click on 'Opt for e-bill'.
- Pay your bills within 0-7 days of the due date: Promptness pays off ! Pay your bill online within a week of its due date and rack up extra 100 points.
- Pay your bills within 8-15 days of the due date: Missed the first week? No problem! You still earn 50 points when you pay your bill online within 15 days of its due date.

e-LECTRIC Rewards is not just a loyalty program, it's a commitment towards a greener and smarter future. Make the switch, take the lead, and let's create a brighter tomorrow, together!

To check & redeem your e-LECTRIC points for exciting discount vouchers of leading brands for shopping, dining, health and many more, login to your "My Account", visit

**www.bsesdelhi.com or BRPL Power App**

*Terms and Conditions Apply